भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1090 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 24 जुलाई, 2026/2 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है

जल मार्ग विकास परियोजना

†1090. श्री राजीव प्रताप रूडी:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में जल मार्ग विकास परियोजना (जेएमवीपी) की वर्तमान प्रचालन स्थिति क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान देश में प्रचालनरत राष्ट्रीय जलमार्गों से राज्य-वार कुल कितनी मात्रा में कार्गो की ढुलाई की गई है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (एनडब्ल्यू-1) पर फेयरवे विकास, चैनल मार्किंग और स्वचालित नौवहन सहायता के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बिहार के सारण जिले के कालूघाट में इंटरमॉडल टर्मिनल पूरी तरह से कार्य कर रहा है और यदि हां, तो इसकी कंटेनर हैंडलिंग क्षमता और इसके निर्माण पर हुए संचयी व्यय सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने राष्ट्रीय जलमार्ग-1 पर जेएमवीपी के अंतर्गत सामुदायिक घाटों को स्वीकृत/पूरा कर लिया है और यदि हां, तो बिहार सहित तत्संबंधी राज्य-वार जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने बिहार में गंगा नदी के संबंध में मौसमी मसौदे में बदलाव और कम से कम उपलब्ध गहराई (एलएडी) का समाधान करने के लिए कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): जल मार्ग विकास परियोजना (जेएमवीपी) के तहत प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं का विकास पूरा कर लिया गया है। जेएमवीपी के तहत निर्मित अवसंरचना अब चालू हैं और राष्ट्रीय जलमार्ग-1 पर नियमित कार्गो/यात्री परिवहन हो रहा है। पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में चालू राष्ट्रीय जलमार्गों के माध्यम से ले जाए गए कार्गो का विवरण (राज्य- वार) **अनुबंध-I** में दिया गया है;

(ख): पिछले तीन वर्षों में रा.ज.-1 पर फेयरवे विकास, चैनल स्थिरीकरण और नौचालन सहायता के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधि का विवरण निम्नानुसार है;

वर्ष	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26 (अलेखापरीक्षित)**
राशि (करोड़ रु. में)	**251.23**	**203.65**	**247.45**

(ग): बिहार के सारण जिले में कालूघाट में इंटर मॉडल टर्मिनल (आईएमटी) का निर्माण पूरा हो गया है। टर्मिनल को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के तहत प्रचालन और रखरखाव के लिए 31.10.2025 को मेसर्स समिट एलायंस गेटवे ईस्ट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को सौंप दिया गया है। टर्मिनल की वार्षिक कंटेनर हैंडलिंग क्षमता 77,000 टीईयू है, जिसका विकास रा.ज.-1 के माध्यम से कंटेनरीकृत कार्गो के परिवहन को सुविधाजनक बनाने के लिए किया गया हैं। टर्मिनल के निर्माण पर किया गया कुल व्यय ₹ 87.13 करोड़ है।

(घ): जी हां। जेएमवीपी के तहत, सरकार ने भीतरी क्षेत्र के समुदायों के लिए सुरक्षित और कुशल नदीय पहुंच प्रदान करने और स्थानीय यात्रियों के आवागमन, व्यापारिक वस्तुओं और कृषि उत्पादों आदि के परिवहन को सुविधाजनक बनाने के लिए 60 सामुदायिक जेट्टियों के विकास को स्वीकृति दी है और पूरा किया है। 60 सामुदायिक जेट्टियों में से 15 उत्तर प्रदेश में, 21 बिहार में, 2 झारखंड में और 22 पश्चिम बंगाल में विकसित की गयी है। बिहार जिला-वार सहित राज्य- वार सूची **अनुबंध-II** में है।

(ङ): जी हां। सरकार ने मौसमी ड्राफ्ट भिन्नताओं का समाधान करने और अंतर्देशीय जल परिवहन (आईडब्ल्यूटी) के सुरक्षित और कुशल नौचालन के लिए अपेक्षित न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एलएडी) के प्रभावी रखरखाव हेतु कई उपाय किए हैं, जिसमें फेयरवे विकास और नदी संरक्षण कार्य शामिल है जिसमें ड्रेजिंग का रखरखाव, नदी प्रशिक्षण कार्य, नियमित हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण, चैनल मार्किंग और तट संरक्षण उपाय आदि शामिल हैं। बिहार में फरक्का-कहलगांव, सुल्तानगंज-महेंद्रपुर-बर्ह, बर्ह -दीघा, दीघा-मझुआ और कालूघाट पहुँच चैनल के साथ विभिन्न फेयरवे विकास उपाय जारी हैं।

अनुबंध-I

दिनांक 24.07.2026 को लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 1090 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(मिलियन मेट्रिक टन में कार्गो)

राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.)	2023-24	2024-25	2025-26
रा.ज.-1 उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में (गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली (हल्दिया-इलाहाबाद))	12.82	16.38	84.78
रा.ज.-2 असम में (ब्रह्मपुत्र नदी (धुबरी-सादिया))	0.59	0.90	1.29
रा.ज.-3 केरल में (वेस्ट कोस्ट नहर)	3.29	3.49	4.04
रा.ज.-4 आंध्र प्रदेश में (कृष्ण गोदावरी नदी प्रणाली)	4.30	10.40	5.71
रा.ज.-5 ओडिशा में (ईस्ट कोस्ट नहर और मतई नदी/ब्राह्मणी-खरसुआ-धामरा नदियाँ/महानदी डेल्टा नदियाँ)	0.64	0.38	0.66
रा.ज.-8 केरल में (अलप्पुझा-चंगनास्सेरी नहर)	0.04	0.04	0.04
रा.ज.-9 केरल में (अलप्पुझा-कोट्टायम अथिरमपुझा नहर)	0.02	0.03	0.03
रा.ज.-14 ओडिशा में (बैतरणी नदी)	0.00	-	0.03
रा.ज.-16 असम में (बराक नदी)	0.00	0.18	0.27
रा.ज.-23 ओडिशा में (बुढ़ा बलंगा)	0.02	0.02	0.02
रा.ज.-27 गोवा में (कुंबरजुआ नदी)	-	-	0.36
रा.ज.-31 असम में (धानसिरी/चाथे)	0.01	0.00	0.00
रा.ज.-44 पश्चिम बंगाल में (इचामती नदी)	0.48	0.49	0.49
रा.ज.-47 पश्चिम बंगाल में (जलंगी नदी)	-	-	0.11
रा.ज.-48 गुजरात में (जावाई-लूनी- रण का कच्छ नदी)	-	2.40	2.58
रा.ज.-53 महाराष्ट्र में (कल्याण-ठाणे-मुंबई जलमार्ग, वसई क्रीक और उल्हास नदी)	-	2.70	3.23
रा.ज.-57 असम में (कोपिली नदी)	-	-	0.00
रा.ज.-64 ओडिशा में (महानदी नदी)	0.67	0.40	0.47
रा.ज.-86 पश्चिम बंगाल में (रूपनारायण नदी)	0.10	0.14	0.18
रा.ज.-94 बिहार में (सोन नदी)	1.16	0.97	0.05
रा.ज.-97 पश्चिम बंगाल में (सुंदरबन जलमार्ग)	5.19	5.98	6.36

उप कुल (राष्ट्रीय राजमार्ग1,2,3,4,5,16,44,64,86,94,&97)	**29.34**	**44.91**	**110.70**
महाराष्ट्र जलमार्ग		-	
रा.ज.-10 (अम्बा नदी)	30.17	29.69	31.07
रा.ज.-83 (राजपुरी क्रीक)	0.45	0.27	0.28
रा.ज.-85 (रेवादंडा क्रीक-कुंडलिका नदी प्रणाली)	0.99	0.82	0.26
रा.ज.-91 (शास्त्री नदी - जयगढ़ क्रीक प्रणाली)	37.05	32.64	34.41
कुल महाराष्ट्र जलमार्ग	**68.66**	**63.41**	**66.02**
गोवा जलमार्ग		-	
रा.ज.-68 (मंडोवी नदी)	2.42	2.84	5.13
रा.ज.-111 (जुरारी नदी)	1.10	1.32	1.57
कुल गोवा जलमार्ग	**3.52**	**4.16**	**6.70**
गुजरात जलमार्ग		-	
रा.ज.-73 (नर्मदा नदी)	0.06	0.06	0.06
रा.ज.-100 (तापी नदी)	31.46	33.31	34.75
कुल गुजरात जलमार्ग	**31.51**	**33.36**	**34.81**
कुल जोड़ मिलियन टन	**133.03**	**145.84**	**218.24**
वर्ष दर वर्ष यातायात वृद्धि (%)	**5.45**	**9.63**	49.64

अनुबंध-II

दिनांक 24.07.2026 को लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 1090 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

क) बिहार में सामुदायिक जेट्टियों की सूची

क्र. सं.	जेट्टी की अवस्थिति	जिला
1	मनिहारी	कटिहार
2	टिंटांगा	भागलपुर
3	केहेलगांव	भागलपुर
4	अगुआनीघाट	पटना
5	मुंगेर	मुंगेर
6	सुल्तानगंज	भागलपुर
7	दीघा	पटना
8	खवासपुर	भोजपुर
9	कच्छीदर्गा	पटना
10	मोहनपुर	पटना
11	राघोपुरदियारा	पटना
12	नक्तादियारा	पटना
13	नसीरीगंज	पटना
14	पनापुर	सारन
15	बर्ह	पटना
16	बक्सर	बक्सर
17	माहुलीघाट	भोजपुर
18	करागोला	कटिहार
19	बटेश्वरस्थान	भागलपुर

20	डोरिगंज	सारन
21	सिमरिया	बेगूसराय

ख) उत्तर प्रदेश में सामुदायिक जेट्टियों की सूची

क्र. सं.	जेट्टी की अवस्थिति	जिला
1	रामनगर	वाराणसी
2	राज घाट	वाराणसी
3	कैथी	वाराणसी
4	बालूघाट	चौंडौली
5	सैदपुर	गाजीपुर
6	चोचक्पुर	गाजीपुर
7	ज़मानिया	गाजीपुर
8	कलेक्टर घाट	गाजीपुर
9	उजियारघाट (भरौली)	बलिया
10	मझौआ	बलिया
11	रविदासघाट	वाराणसी
12	रविदासघाट (सामनेघाट से स्थानांतरित)	वाराणसी
13	सरायकोटा	बलिया
14	डूंगरपुर	गाजीपुर
15	कान्सपुर	बलिया

ग) झारखंड में सामुदायिक जेट्टियों की सूची

क्र. सं.	जेट्टी की अवस्थिति	जिला
1	राजमहल (मंगलघाट)	साहिबगंज
2	सन्दगाहाट	साहिबगंज

घ) पश्चिम बंगाल में सामुदायिक जेट्टियों की सूची

क्र. सं.	जेट्टी की अवस्थिति	जिला
1	डैनहाट	पूर्वबर्धमान
2	माटियरी	पूर्वबर्धमान
3	संखाई	पूर्वबर्धमान
4	सथियाती	पूर्वबर्धमान
5	अगरद्वीप (गाजीपुर साइट)	नादिया
6	अग्राडिप (अग्राडिप साइट)	नादिया
7	घोरियापारा-1	नादिया
8	घोरियापारा-2	नादिया
9	तलतला	नादिया
10	फकीरडांगा	मलदा
11	माणिकनगर	मलदा
12	मगनपारा	नादिया
13	नारकेलबारिया	नादिया
14	प्लासी (पलासी)	नादिया
15	रामनगर (प.ब.)	नादिया
16	लालबाग कोर्ट घाट	मुर्शिदाबाद
17	सदरघाट	मुर्शिदाबाद

18	बेरहामपुर (गोपाल घाट)	मुर्शिदाबाद
19	बेरहामपुर (खगरा घाट)	मुर्शिदाबाद
20	सप्तर्षि घाट	हुगली
21	माझेरचर	हुगली
22	शांतिपुर घाट	नादिया

***